**बाल भारती पब्लिक स्कूल पीतमपुरा दिल्ली - ११००३४**

**कक्षा- पाँचवी** **विषय -हिंदी** **प्रथम सत्र (२०२०-२०२१)**

**विषय -कहानी** **उप विषय - लाला पटेल की लायबरी**

**नाम:----------------------------- कक्षा / भाग :------- तिथि १५-०४-२०२०**

## पाठ उद्देश्य

आज़ादी से पूर्व की स्थिति का ज्ञान ,समाज सेवा , लगन तथा आत्मविश्वास जैसे जीवन मूल्यों का विकास ।

## पाठ में मिलने वाला संदेश-

इस पाठ के माध्यम से पुस्तकालय की महत्ता को बताया गया है, जिसका चलन आज़ादी से पूर्व हो चुका था ।

## पाठ का सार

यह पाठ भारत में अंग्रेज़ों के राज पर आधारित पाठ है । चारों ओर आज़ादी के नारे गूँज रहे थे । गाँव के सबसे बड़े बुज़ुर्ग लाला पटेल थे । वे अन पढ़ थे। गाँव में सब उनकी इज़्ज़त करते थे , पर अँग्रेज़ उनका मज़ाक उड़ाते थे क्योंकि वे कोई भी फ़रमान पढ़ नहीं पाते थे । वे खेती करते थे । एक दिन गाँव में लायब्रेरी खोलने का फ़रमान आया तो सभी लोग चौपाल पर चर्चा करने पहुँचे । मुखिया ने लोगो को लायब्रेरी यानि ग्रंथालय जिसमें किताबें रखी जाती हैं,उसके बारे में बतलाया । गाँव

के लोग चाहते थे कि उनके गाँव में लायब्रेरी बने। केशव भाई किताब बाबू बन कर गाँव की लायब्रेरी चलाने शहर से आये।

ग्रन्थपाल की जगह लोग केशव भाई को किताब बाबू कहने लगे तथा लाइब्रेरी को लायबरी। लायब्रेरी सबके मिलने की जगह बन गई। बड़े - बूढ़े पढ़ना लिखना सीखने लगे। लाला पटेल ने भी रूचि दिखाई। दिनों-दिन लायब्रेरी में किताबें पढ़ने वालो की संख्या बढ़ने लगी। औरतें भी लाइब्रेरी में आने लगी। लायब्रेरी नई-नई चीज़े सीखने की जगह बन गई। केशव भाई को देश-द्रोही समझकर अंग्रेजों के कहने पर काम से छुट्टी दे दी गई। केशव भाई के जाने के बाद लायब्रेरी चलाने का बीड़ा लाला पटेल ने उठा लिया। वे लायब्रेरी के नए किताब बाबू बन गए। लोगो में नया आत्मविश्वास आया। लाला पटेल उनकी ताकत थे। उन्होंने लायब्रेरी को लाला पटेल की लायबरी का नाम दिया। पढ़े -लिखे न होने पर भी लाला पटेल ने लायब्रेरी को बड़े अच्छे से संभाला। आज़ादी की लड़ाई को जारी रखते हुए अहिंसा को शस्त्र बनाकर लाला पटेल लायब्रेरी चलाते रहे।

कहानी के सार को ध्यानपूर्वक पढ़िए।

नोट : लाला पटेल की लायब्रेरी के नवीन शब्द तथा शब्दार्थ अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए।

## नवीन शब्द

(१) आज़ादी (२) साक्षर (३) फ़रमान (४) चौपाल (५) खिलाफ़
(६) आत्मविश्वास (७) लायब्रेरी (८) ईजाद (९) ग्रंथपाल (१०) शामिल
(११) संख्या (१२) ज़िम्मेदारी (१३) मस्ज़िद (१४) गिरजाघर
(१५) हुकुम

## शब्दार्थ



**शब्द** **अर्थ**

(१)आज़ादी ---- स्वतंत्रता

(२)साक्षर ---- पढ़ा -लिखा

(३)फरमान ---- आदेश

(४) हुकुम ----- आदेश

(५)अनपढ़ ----- जो पढ़ा -लिखा न हो

(६) खिलाफ़ ------ विरुद्‍ध

(७) सलाह ------ राय

(८) पैदावार ------ उपज

(९) चौपाल ------- बैठक

(१०) बंज़र ------ अनुपजाऊ